# संसाधन पुस्तिका

आदि द्वारा विकसित

सौजन्य से

# प्रस्तावना

इस संसाधन पुस्तिका के माध्यम से बल्लभगढ़ ब्लॉक के ग्रामीण वासियों , विकलांग व्यक्तियों  व उनके परिवारों को सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं के बारे में तथा उनको प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने का प्रयास किया गया है। पुस्तिका में कुछ ही मुख्य क्षेत्रों व विभागों से सम्बन्धित जानकारी एकत्रित की गई है तथा यह अगस्त व सितम्बर माह 2016 में एकत्रित जानकारियों के आधार पर बनी है । अतः समय के साथ कुछ जानकारी आगे परिवर्तित होगी तथा कुछ नई जानकारी व विभाग इस पुस्तिका में जुड़ते चले जायेंगे ।

आशा है इस पुस्तिका के अन्दर एकत्रित की हुई जानकारी से समुदाय के लोगों को लाभ पहॅंचेगा ।

# पुलिस

# 1. पुलिस विभाग, हरियाणा

कानून व्यवस्था व जिले में सुरक्षा बनाए रखने के लिए, अपराधों की रोकथाम, घरेलू हिंसा रोकने, बच्चो व महिलाओं के प्रति अपराधों को होने से रोकने व अपराधियों को सजा दिलवाने व समाज मे शांति बनाये रखने में पुलिस विभाग की प्रमुख भूमिका है। फरीदाबाद जिला पुलिस कमिश्नरेट है जो कि थानों, उप–क्षेत्र, शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विभाजित है जिसमें आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त तथा थाना प्रभारी व अन्य कर्मचारियों की तैनाती की गई है। पूरे जिले में पुलिस विभाग की व्यवस्था की देखभाल के लिए आयुक्त हैं, उसके बाद उपायुक्त हैं।

ग्रामीण क्षेत्र बल्लभगढ़ 3 थाना क्षेत्रों में बँटा हुआ है जिसमें बल्लभगढ़ सदर थाना, तिगाँव थाना तथा छॉयसा थाना शामिल है। प्रत्येक जिले में एक पुलिस नियत्रंण कक्ष भी होता है ,जहॉ पर फोन के द्वारा सम्पर्क करके भी पुलिस से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिसका फोन नम्बर 100 है तथा यह निःशुल्क सेवा है।

बल्लभगढ़ सदर थाना के तहत् निम्नलिखित 29 गाँव आते हैं :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मलेरना | बहबलपुर | सुनपेड़ | जाजरू | हरफला | शाहपुर खुर्द |
| दयालपुर | सागरपुर | चंदावली | सीकरी | नाँगला जोगिया | भनकपुर |
| सोतई | पी. एम. डीग | साहूपुरा | शाहपुर कलाँ | कैली | मौहला |
| मछगर | लढ़ौली | भटपुरा | नवादा | खन्दावली | प्याला |
| बुखारपुर | फतेहपुर | मिर्जापुर | मुझेड़ी | डीग | |

पुलिस चौकी सिकरौना, थाना–सदर बल्लभगढ़ में 8 गाँव आते हैं :

| | |
|---|---|
| लदियापुर | फिरोजपुर कलॉ |
| बीजोपुर | करनेरा |
| जखोपुर | सिकरौना |
| कबूलपुर बॉगर | समयपुर |

तिगाँव थाना क्षेत्र में ब्लॉक बल्लभगढ़ के निम्नलिखित 9 गाँव आते हैं :

| | | |
|---|---|---|
| कौराली | बदरौला | पी. एम. बदरौला |

| | | |
|---|---|---|
| बहादरपुर | अलीपुर | मंझावली |
| अकबरपुर | शेखपुर | मौजाबाद |

थाना छॉयसा के तहत् आने वाले 29 गाँव निम्नलिखित हैं :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| छॉयसा | पन्हेड़ा कलां | मौजपुर | शाहजहॉपुर | अलीपुर |
| मोहना | पन्हेड़ा खुर्द | मोटुका–नाँगला | घरौड़ा | नया गाँव |
| हीरापुर | नहरावली | साहुपुरा खादर | घुड़ासन | नई तोड़ |
| नरियाला | अहमदपुर | दूलेपुर | छॉयसा झुग्गी | रायपुर |
| जवां | अटाली | अहसान नगर | चाँदपुर | इमामदीपुर |
| अटरेना | गढ़खेडा | फज्जूपुर | अरूवा | |

## 10.1 प्रथम सूचना दर्ज कराने की प्रक्रिया

गाँव में रहने वाला व्यक्ति स्वयं के आपसी विवाद या दूसरे के साथ होने वाली किसी प्रकार की कोई हिंसक घटना/र्दुघटना होने पर या होने की आशंका होने पर थाने में शिकायत दर्ज करवा सकता है। किसी व्यक्ति के साथ शोषण होता है अथवा कोई व्यक्ति गुमशुदा होता है या कागज–दस्तावेज गुम होते हैं या जान–माल का खतरा होता है या व्यक्ति के मान–सम्मान व अधिकारों का हनन होता है तो भी वह सम्बन्धित थाने में शिकायत दर्ज करवा सकता है। थाना प्रभारी या क्षेत्र प्रभारी अथवा चौकी प्रभारी से मिलकर भी अपने साथ घटित अपराध/घटना/र्दुघटना की प्रथम सूचना दर्ज करवायी जा सकती है।

घटना स्थल से ही तत्काल पुलिस नियत्रंण कक्ष में फोन के द्वारा सम्पर्क करके भी पुलिस से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिसका फोन नम्बर 100 है तथा यह निःशुल्क सेवा है। पुलिस नियत्रंण कक्ष की वैन व्यक्ति तक पहुचॅने के बाद उसकी मदद करती है तथा सम्बन्धित थाने को भी घटना/र्दुघटना की सूचना देती है । प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतिलिपि अवश्य ले लेनी चाहिए।

कुछ केसों में घटना/र्दुघटना का स्थल उस थाने के क्षेत्र में नहीं होता, किंतु घटना/र्दुघटना की संगीनता को देखते हुए केस किसी भी थाने में दर्ज करके आवश्यक कार्यवाही की जाती है । बाद में सम्बन्धित थाने को केस स्थानान्तरित कर दिया जाता है ।

थाने का पता निम्नलिखित है :

थाना छॉयसा , मोहना रोड,
छॉयसा ,बल्लभगढ़, फरीदाबाद
फोन न. 0129–2209254
मो.न. 9416633599
**email-shochhansa-hry@nic.in**

थाना छॅायसा के तहत् आने वाले 5 गाँवों के ऊपर एक पुलिस चौकी भी चाँदपुर गाँव में बनाई गई है, जिसमें 5 गाँव निम्नलिखित है :

1. चॉदपुर
2. इमामदीपुर
3. घरौड़ा
4. रायपुर
5. घुड़ासन

चौकी का पता है :

पुलिस चौकी चाँदपुर,
थाना छॅायसा,
तहसील–बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद
फोन न. 9582200171

नोट– इन 5 गाँवों में रहने वाले, अपनी समस्या/शिकायत के लिए चौकी प्रभारी, पुलिस चौकी चाँदपुर से मिल सकते हैं। यदि समस्या का समाधान नही होता है तो थाना प्रभारी, थाना छॅायसा से भी मिल सकते हैं।

थाना–सदर बल्लभगढ़
मोहना रोड, बल्लभगढ़,
निकट–खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय,
फोन न.– 0129–2241341, 9582200133
**email-shosdrblgarh-hry@nic.com**

पुलिस चौकी
सिकरौना, थाना– बल्लभगढ़ सदर
तहसील–बल्लभगढ़ जिला–फरीदाबाद
फोन न. 9582200159

थाना तिगाँव
बल्लभगढ़ रोड, तिगाँव
तहसील–फरीदाबाद, फरीदाबाद
फोन न.– 0129–2401031, 2401003, 9582200135
**email-shotigaon-hry@nic.in**

यदि शिकायत समस्या का समाधान सम्बन्धित थानों या पुलिस चौकी से नही होता है तब सहायक आयुक्त पुलिस बल्लभगढ़ या तिगाँव से मिलना है जिनके कार्यालय का पता निम्नलिखित है :

सहायक पुलिस आयुक्त ( बल्लभगढ़),
सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय,

प्रथम तल, पंचायत भवन,
बल्लभगढ,जिला फरीदाबाद
फोन न. 0129–2242806

**email-acpcityblgarh-hry@nic.in**

या

सहायक अयुक्त पुलिस (तिगाँव),
सहायक आयुक्त पुलिस कार्यालय,
पंचायत भवन, बल्लभगढ ,फरीदाबाद,
फोन न. 0129–2212420

**email-acptiagon-hry@nic.in**

**Mob. No.-9582200115**

इन दोनों अधिकारियों से जन सूचना अधिकार कानून 2005 के तहत् भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है जिसके लिए डाक द्वारा अथवा सीधे कार्यालय में जाकर जनसूचना अधिकार के तहत् पत्र लिखकर या जमा करवाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सीधे कार्यालय में जमा पत्र व साक्ष्य दस्तावेजों की छाया प्रति करवा कर उस पर प्राप्ति ले सकते हैं या कार्यालय से पक्की प्राप्ति रसीद भी ले सकते हैं अथवा डाक द्वारा भेजे जाने पर सभी पत्रों व दस्तावेजों की छाया प्रति अपने पास रखें। केवल छाया प्रति ही पत्र के साथ संलग्न करें, वास्तविक दस्तावेज नहीं करें। यदि अगला पत्र लिखना है तो प्रथम पत्र व दस्तावेजों की प्राप्ति रसीद व छाया प्रति भेजें।

यदि आपकी समस्या का समाधान सहायक पुलिस आयुक्त ,बल्लभगढ़ व तिगाँव से नही होता है तब उपायुक्त पुलिस, बल्लभगढ़ से सम्पर्क कर सकते है जिनका पता है :

उपायुक्त पुलिस
( बल्लभगढ़)
प्रथम तल, पंचायत भवन,
बल्लभगढ़, जिला–फरीदाबाद
फोन न. 0129–2240491, 9582200105

**email-dcpballabgarh@hry.nic.in**

यदि उपायुक्त पुलिस बल्लभगढ़ से मिली जानकारी/कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को संतुष्टि नहीं होती है तब जिला स्तर पर पुलिस आयुक्त फरीदाबाद से सम्पर्क किया जा सकता है जिनका पता निम्नलिखित है :

पुलिस आयुक्त, फरीदाबाद
पुलिस आयुक्त कार्यालय,
सैक्टर-**21** सी **,**फरीदाबाद
फोन न. 2438000, 2438555, मो. 9582200100

**email-cp.fbd@hry.nic.in**

अधिकारी प्रत्येक कार्यदिवस में आम समुदाय से भी मिलते हैं जिसका समय प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 तक है।

जन सूचना अधिकार कानून 2005 के तहत् भी आप उपायुक्त पुलिस, बल्लभगढ़ से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा आयुक्त पुलिस, फरीदाबाद से भी जन सूचना अधिकार के तहत् जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिसके लिए आपको उपायुक्त पुलिस (मुख्यालय) जन सूचना अधिकार को पत्र लिखना होगा जिनका पता निम्नलिखित है :

पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) जन सूचना अधिकार ,
पुलिस आयुक्त कार्यालय,
सैक्टर-**21** सी**,** फरीदाबाद, जिला–फरीदाबाद
फोन न.–9582200102, 0129–2438000, 2437444
**email-dcp.hqfbd@hry.nic.in**

यदि आयुक्त कार्यालय पुलिस, फरीदाबाद से प्राप्त जानकारी/शिकायत/ कार्यवाही से आप संतुष्ट नहीं है तो राज्य स्तर के पुलिस कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है जिसका पता है :

पुलिस महानिदेशक
हरियाणा पुलिस मुख्यालय
सैक्टर **-6,** पंचकूला, हरियाणा
0172–2583281, 9216353111, 8284030455
**email-police@hry.nic.in**

जन सूचना कानून 2005 के तहत् भी पुलिस महानिदेशक कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

महिलाओं से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के अपराधों व समस्याओं के लिए जिले में एक महिला थाने की भी व्यवस्था की गई है जिसका पता है :

थाना प्रभारी
महिला पुलिस थाना
सैक्टर **-16** ए**,** फरीदाबाद
फोन न.– 0129–2261092, 9582200061

तथा

महिला शाखा, (बल्लभगढ़ क्षेत्र व तिगाँव क्षेत्र)
सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय (बल्लभगढ़ व तिगाँव)
प्रथम तल, पंचायत भवन, बल्लभगढ़, फरीदाबाद

ऊपर दिए गए पते पर भी सम्पर्क किया जा सकता है अथवा प्रत्येक थाने में भी महिला सहायता डेस्क बनी हुई है वहाँ भी सम्पर्क कर सकते हैं तथा जिला स्तर पर सहायक आयुक्त पुलिस (महिला) से सम्पर्क किया जा सकता है जिनका पता निम्नलिखित है :

सहायक आयुक्त पुलिस (महिला)

आयुक्त पुलिस कार्यालय
सैक्टर **-21**सी**,** फरीदाबाद
फोन न.– 0129–2438000, 9582200061

email-acpwomenfbd-hry@nic.in

प्रमुख सहायता फोन नम्बर जिन पर किसी भी समय फोन करके सहायता प्राप्त की जा सकती है वो हैं :

हेल्प लाइन नम्बर – 100
महिला सहायता – 1091
बाल सहायता – 1098
यातायात सहायता – 1073
वरिष्ठ नागरिक सहायता – 0129–2227929
पुलिस आयुक्त – 0129–2438000, 2438555

इसके अतिरिक्त कोई भी जानकारी/अनुमति लेने के लिए सम्पर्क करें :

पुलिस सुविधा केन्द्र,
लघु सचिवालय,
सैक्टर **-12** कोर्ट, फरीदाबाद
फोन न. 0129–2262118

## संदर्भ सूची

पुलिस : पुलिस विभाग के आयुक्त व उपायुक्त कार्यालय तथा वैबसाइट www.haryanapoliceonline.gov.in, www.faridabad.nic.in